# लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल (म.प्र.)

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण - 2021

## प्रैक्टिस पेपर – III

## विषय – हिंदी

## कक्षा -10

विघार्थियों के लिए निर्देश :

1. इस पुस्तिका में 70 प्रश्न हैं |
2. इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 120 मिनिट का समय निर्धारित है |
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प A , B, C, D हैं इनमें से केवलएक ही सही उत्तर है | आपको सही उत्तर का चयन करना है |

## राष्ट्रीय जलीय जीव-डॉल्फिन

सुसु (blind Dolphin Susu) डॉलफिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव है। यह स्तनधारी जंतु पवित्र गंगा की शुद्धता को भी प्रकट करता है, क्योंकि यह केवल शुद्ध और मीठे पानी में ही जीवित रह सकता है। इसे मीठे पानी की डॉल्फिन भी कहा जाता है। **इन डॉलफिन मछलियों का शरीर थोड़ा मोटा होता है और त्वचा हल्के भूरे और स्लेटी रंग की होती है। इनके ऊपरी तथा निचले जबड़ों में दाँत भी दिखाई देते हैं। ये मछलियाँ लंबे नोकदार मुँह वाली होती हैं और इनके पर (fins) बड़े होते हैं और शरीर के पीछे का पर तिकोना व कम विकसित होता है।** इनकी आँखें लेंस रहित होती हैं, इसलिए यह केवल प्रकाश की दिशा का पता लगाने में ही काम आती हैं। झींगा (shrimp) तथा छोटी मछलियों को निगलने के लिए डॉलफिन पानी में गहराई तक जाती है।

कभी-कभी उनकी त्वचा पर गुलाबी रंग की आभा भी दिखाई देती है। नदी में रहने वाली डॉलफिन मछलियाँ एकांत में रहना पसंद करती हैं और मादा मछली नर मछली से बड़ी होती है।

इन्हें स्थानीय तौर पर सुसु (blind Dolphin Susu) कहा जाता है क्योंकि यह साँस लेते समय ऐसी ही आवाज निकालती है। यह प्रजाति भारत, नेपाल, भूटान की गंगा, मेघना और ब्रह्मपुत्र नदियों में तथा बंगलादेश की कर्णफूली नदी में पाई जा सकती है।

नदी में पाई जाने वाली डॉलफिन की संख्या अब कम होती जा रही है, इस प्रजाति की संख्या में गिरावट के मुख्य कारण हैं- अवैध (illegal) शिकार, नदी के घटते प्रवाह, नदी के पानी में भारी मात्रा में मिट्टी जमा होना और नदी पर बाँध (Dam) का निर्माण, जिनके कारण इनके तैरने में बाधा पड़ती है। इसलिए इसे वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में शामिल किया गया है।

स्रोत: http://www.bharat.gov.in/knowindia/nationalSsymbols.php?id=8

1-इन डॉल्फिन की आँखें लेंस रहित होती हैं, इसलिए यह केवल प्रकाश की दिशा का पता लगाने में ही काम आती हैं।
इस वाक्य से हम कह सकते हैं कि -------------------------------------------------------

A. डॉल्फिन उस जगह पहुँच सकती है जहाँ से रोशनी आ रही हो।
B. डॉल्फिन की आँखों के सामने हमेशा अंधेरा रहता है।
C. डॉल्फिन नदी में अक्सर अपना रास्ता भूल जाती है।
D. डॉल्फिन हमेशा एक ही दिशा में तैरती रहती है।

2- इन मछलियों में ऐसी कौन-सी खूबी है, जिसके कारण इनकी अलग पहचान बनती है?
A. ये बहुत गहरे पानी में रहती हैं।
B. ये तैरकर दूर तक जा सकती हैं।
C. ये झुण्ड में रहना पसंद करती हैं।
D. ये एक विशेष आवाज़ निकालती हैं।

3- इनमें से कौन-सा तथ्य इन मछलियों के बारे में सही है?
A. ये मछलियाँ केवल झींगा खाती हैं।
B. ये मछलियाँ समुद्र में नहीं रह सकतीं।
C. इन मछलियों को गहरे पानी में तैरना नहीं आता।
D. मादा मछलियों के शरीर से एक रोशनी निकलती है।

4- नीचे दिए विकल्पों में, डॉलफिन प्रजाति की संख्या में कमी होने के कारणों में से कौन-सा कारण गलत है?
A. नियम के विरुद्ध शिकार करना।
B. बहुत-सी नावों का नदी में चलना।
C. नदी में पानी का बहाव कम होना।
D. नदी में बहुत मिट्टी जमा हो जाना।

5- गद्यांश में रेखांकित वाक्यों के आधार पर, नीचे दिए गए चित्रों में से, सुसु डॉल्फिन का चित्र पहचानिए।

A. 

B. 

C. 

D. 

6- मेरी कक्षा की सुलेखा तैराकी प्रतिस्पर्धा में ---------------------- विजेता रह चुकी है।
खाली जगह के लिए <u>सही वर्तनी वाला</u> शब्द चुनें।

A. अंतर्राज्यिय B. अंतर्राज्यीय C. अंतराज्यिय D. अंतराज्यीय

7- 'हमें धन का <u>अपव्यय</u> नहीं करना चाहिए'–इस सूक्ति (कथन) में रेखांकित शब्द से क्या अर्थ निकलता है?

A. हमें धन को बचाना नहीं चाहिए। B. हमें धन को गँवाना नहीं चाहिए।

C. हमें धन व्यर्थ नहीं खर्चना चाहिए। D. हमें धन बिल्कुल नहीं खर्चना चाहिए।

नीचे दी गई कविता को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्न संख्या 8 से 12 तक के उत्तर दें।

<u>धरती स्वर्ग दिखाई दे</u>

(1)

करके ऐसा काम दिखा दो, जिस पर गर्व दिखाई दे।
इतनी खुशियाँ बाँटो सबको, हर दिन पर्व दिखाई दे।
हरे पेड़ जो काट रहे हैं, उन्हें खूब धिक्कारो,
खुद भी पेड़ लगाओ इतने, धरती स्वर्ग दिखाई दे।।

(2)

कोई मानव शिक्षा से भी, *वंचित** नहीं दिखाई दे।
<u>सरिताओं</u> में कूड़ा-कर्कट, संचित नहीं दिखाई दे।
वृक्ष रोपकर <u>पर्यावरण</u> का संरक्षण ऐसा करना,
दुष्ट प्रदूषण का भय भू पर, *किंचित्** नहीं दिखाई दे।

(3)
हरे वृक्ष से वायु प्रदूषण का संहार दिखाई दे।
<u>हरियाली</u> और प्राणवायु का, बस अंबार दिखाई दे।
जंगल के जीवों के रक्षक, बनकर के दिखला दो,
जिससे सुखमय प्यारा-प्यारा, यह संसार दिखाई दे।

(4)

वसुंधरा पर स्वास्थ्य शक्ति का, बस आधार दिखाई दे।
जड़ी-बूटियों औषधियों की, बस भरमार दिखाई दे।
जागो बच्चो, जागो मानव, यत्न करो कोई ऐसा,
कोई प्राणी इस धरती पर, न बीमार दिखाई दे।।

8-हर दिन त्योहार जैसा लगे, इसके लिए कवि क्या सलाह दे रहा है?

A. खूब अपना नाम करें। B. सब तरफ़ दीपक जलाएँ।
C. पेड़ काटने वालों को सज़ा दें। D. सब लोगों में प्रसन्नता फैलाएँ।

9-कविता के दूसरे पद के अनुसार, मनुष्य को किसके अभाव में नहीं रहना चाहिए?

A. सरिता-विहार के B. पढ़ने-लिखने के
C. जड़ी-बूटियों के D. वन-भ्रमण के

10-कविता की निम्नलिखित पंक्ति से क्या अर्थ निकलता है ?

'हरियाली और प्राणवायु का, बस अंबार दिखाई दे।' सबसे उचित विकल्प चुनें।

A. अंबर से केवल हरियाली और प्राणवायु दिखते रहें।
B. धरती पर ढेर सारी साफ़ हवा और पेड़-पौधे बने रहें।
C. अंबर में हरियाली और साफ़ हवा हमेशा बनी ही रहें।
D. धरती पर सब तरफ़ केवल पेड़-पौधे ही दिखाई देते रहें।

11-अंतिम पद में कवि किसके लिए प्रयत्न करने के लिए कह रहा है?

A. प्रदूषण के लिए B. मानवता के लिए C. पर्यावरण के लिए D. तंदुरुस्ती के लिए

12-वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुंदर बनाएँगे,
------------- को अपनी, स्वर्ग-सा सजाएँगे।

खाली स्थान के लिए कविता में से ही उचित शब्द चुनें।

A. सरिताओं B. पर्यावरण C. हरियाली D. वसुंधरा

13-चार छात्रों ने कुछ शब्दों को अपने अनुसार वर्णमाला-क्रम में लिखा।

रेखा- दस्तावेज़, निरीक्षण, बरबस, मुंगेरी, मृदुल
राकेश- बरबस, मुंगेरी, मृदुल, दस्तावेज़, निरीक्षण
निखिल- बरबस, दस्तावेज़, मृदुल, मुंगेरी, निरीक्षण
अक्षत- दस्तावेज़, बरबस, निरीक्षण, मुंगेरी, मृदुल

इनमें से किसका क्रम सही है?

A. रेखा का B. राकेश का C. निखिल का D. अक्षत का

नीचे दी गई कहानी को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दें।

छुट्टी गाँधी जयंती की

आज गाँधी जयंती के अवसर पर दफ़्तर में छुट्टी थी। मैं घर पर बैठा आराम कर रहा था। अक्टूबर का महीना आने के बाद भी गुड़गाँव, जो कि दिल्ली के एक उपनगर की तरह है, की गर्मी में कोई कमी नहीं आई थी। यह प्रदूषण का प्रताप है कि महाभारत की बारूद अभी तक ठंडी नहीं हुई। मुझ जैसे लोग, जो यहाँ पूर्व यानी कि बंगाल-बिहार से आए थे, पिछले चार वर्षों में एक बार मूसलाधार बारिश में भीगने के लिए तरस गए। मेरी तो हताशा एक बार इतनी बढ़ गई कि मैंने अपने नल से एक पाइप निकालकर छत पर लटका दिया और उसी के नीचे सावन की गिरती तेज़ धार में नहा पाने का सुख लूटने की कोशिश की।

ख़ैर, गर्मी हो या सर्दी, पेट तो मानता नहीं। मेरे नौकर ने, जो इत्तफ़ाक से रसोई भी संभालता था, आज ऐन मौके पर गाँधीजी को याद करने की ठान ली। मैंने दोपहर तक अपने नौकर का इंतज़ार किया। जब वह काफ़ी देर तक गाँधी जयंती मनाकर लौटता नज़र नहीं आया, तो मैंने भी बाहर से ही कुछ लाकर अल्पाहार करने का सोचा।

घर से बाहर निकला ही था कि बाहर हर तरफ़ फैली रौनक को भाँप गया। जगह-जगह लोग रंग-बिरंगे कपड़ों में घूम रहे थे। तभी एक लंबी कतार पर मेरी नज़र पड़ी। मैंने सोचा कि कहीं गाँधी जयंती के मौके पर कोई जलसा* तो नहीं हो रहा। शायद कोई बड़ी हस्ती आई हुई हो।

ख़ैर, मैं इस कतार के बगल से गुज़रते हुए सोचने लगा कि पता नहीं गाँधी जयंती के अवसर पर आज किस हस्ती के दर्शन हो जाएँ। मैं इसी आशा में आगे बढ़ रहा था। उन्माद* में मेरे पैर रह-रहकर काँप जाते थे। मैंने जब पास जाकर देखा, तो पाया कि वह कतार एक विदेशी रेस्तराँ में जगह पाने वालों की थी। विदेशी 'फ़ूड चेन' का जब से चस्का पड़ा है, तब से लोगों ने अपनी रसोई मानो बिल्कुल बंद ही कर दी है। वैसे भी, गाँधी जयंती जैसी छुट्टी पर घर की औरतें कहाँ गैस की आँच के आगे अपना मेकअप कुर्बान करतीं। तो मेरी समझ में अब आया कि कतार इतनी लंबी क्यों थी। मुझे तो पूरी उम्मीद है कि यह कतार आने वाले समय में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ेगी।

*शब्दार्थ:*

** जलसा: उत्सव, समारोह*

** उन्माद: बहुत खुशी के कारण पागलपन की स्थिति होना*

14-लेख की शुरूआती पंक्तियों में, लेखक ने इनमें से कौन-सी सबसे मुख्य बात कहने की कोशिश की है?

A. महाभारत का युद्ध, गुड़गाँव में हुआ था।

B. गुड़गाँव, दिल्ली के एक उपनगर की तरह ही है।

C. गाँधी जयंती के दिन लेखक घर पर छुट्टी मना रहा था।

D. पूर्व प्रदेशीय, गुड़गाँव में तेज़ बारिश का मज़ा नहीं ले पाते।

15-'मेरे नौकर ने ऐन मौके पर गाँधीजी को याद करने की ठान ली।'

लेखक ने अपने नौकर के बारे में ऐसा क्यों कहा होगा?

A. क्योंकि लेखक ने उसे गाँधी जयंती के जलसे में देखा था।

B. क्योंकि वह गाँधीजी को मानता और उनका बड़ा भक्त था।

C. क्योंकि उसने बिना बताए उस दिन काम से छुट्टी कर ली थी।

D. क्योंकि उसने पहले ही लेखक को अपने न आने की सूचना दी थी।

16-लेखक के पैर रह-रहकर काँप जाते थे क्योंकि ---------------------------------------- ।
उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा करें।
A. वह अपने नौकर को खोज-खोजकर थक गया था
B. वह उस विदेशी 'फ़ूड चेन' को बहुत पसंद करता था
C. वह रेस्तरां में मुफ़्त खाना खाने के लिए उत्साहित था
D. वह किसी प्रसिद्ध व्यक्ति को देखने के लिए उत्साहित था

17-पिछले चार वर्षों में, मूसलाधार बारिश न होने पर लेखक 'हताश' हो गया था।
इनमें से किस विकल्प में, 'हताश' शब्द का उचित प्रयोग हुआ है ?
A. अपने छोटे बेटे की बदमाशियों से मेरी बहन हताश हो चुकी है।
B. साइकिल रेस में सबसे अंतिम आने पर अतुल हताश हो गया।
C. मैं लगातार छः घंटे से काम करते-करते हताश हो गई हूँ।
D. हमेशा एक जैसा खाना खा-खाकर मैं हताश हो गया हूँ।

18-ऊपर दिए वाक्य के अनुसार बताइए कि कहानी में आई पंक्ति- 'हर तरफ़ फैली रौनक को भाँप गया' का क्या अर्थ हो सकता है?
A. अपने आसपास के माहौल को देखकर अनुमान लगाया।
B. अपने घर के पास लोगों की भीड़ देख चकित हो गया।
C. अपने घर के पास के जलसे को देखकर खुश हो गया।
D. अपने आसपास फैली रौनक में वह भी शामिल हो गया।

19-कहानी में प्रयुक्त, इनमें से किस वाक्यांश में व्यंग्य रस नहीं मिलता है?
A. आज ऐन मौके पर गाँधीजी को याद करने की ठान ली।
B. औरतें कहाँ गैस के आगे अपना मेकअप कुर्बान करतीं।
C. मूसलाधार बारिश में भीगने के लिए तरस गए।
D. महाभारत की बारूद अभी तक ठंडी नहीं हुई।

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न संख्या 20 से 23 तक के उत्तर दें।

कैसे बनवाएँ वोटर आई-कार्ड?

हमारे देश में 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग वोट डालने के हकदार हैं। लेकिन कई लोग केवल इस कारण से इस हक से वंचित रह जाते हैं कि उन्हें वोटर आई-कार्ड बनवाने का काम झंझट भरा लगता है।

(i) क्यों ज़रूरी है वोटर आई-कार्ड?

वोटर आई-कार्ड एक ऐसा दस्तावेज़ (document) है, जिसका इस्तेमाल न केवल वोट डालने के लिए, बल्कि दूसरे महत्वपूर्ण कामों में अपनी पहचान बताने के लिए भी किया जाता है। उदाहरण के तौर पर- बैंक में अपना खाता खुलवाना, मोबाइल का प्रीपेड या पोस्टपेड कनेक्शन लेना, कार जैसी चीज़ें खरीदने के लिए रुपयों का इंतज़ाम कराना आदि।

वोटर आई-कार्ड बनाने के लिए कोई फ़ीस नहीं ली जाती है।



(ii) कौन बनवा सकता है?

| | |
|---|---|
| 1 | जो भारत का नागरिक हो। |
| 2 | जिसकी उम्र 01 जनवरी 2013 को 18 साल या ज्यादा हो जाए। |
| 3 | जो दिवालिया या पागल घोषित न हो। |

(iii) किस काम के लिए कौन-सा फॉर्म?

| | |
|---|---|
| फ़ॉर्म- 6 | वोटर-लिस्ट में नाम दर्ज़ कराने और वोटर आई-कार्ड बनवाने के लिए। |
| फ़ॉर्म- 7 | वोटर-लिस्ट से नाम कटवाने या किसी शिकायत के लिए। |
| फ़ॉर्म- 8 | बने हुए वोटर-कार्ड में संशोधन के लिए। |

(iv) ये भी जरूरी:

| | |
|---|---|
| 1 | आवेदक को यह भी बताना होगा कि पहले से उसका कोई वोटर-कार्ड बना हुआ है या नहीं। |
| 2 | 18 से 21 साल तक के वोटर को फॉर्म भरते समय अपनी उम्र का भी प्रमाण देना आवश्यक है। |

(v) कौन-से कागज़ात ज़रूरी?

| | |
|---|---|
| 1 | हाल में खींची गई दो रंगीन फ़ोटो |
| 2 | उम्र का प्रमाण (age proof) |
| 3 | पते का प्रमाण (address proof) |

(v-अ) पते के प्रमाण में क्या?

| | |
|---|---|
| 1 | राष्ट्रीयकृत (Nationalized) बैंक या डाकखाने (Post Office) की वर्तमान पासबुक। |
| 2 | राशन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/इनकम टैक्स असेसमेंट ऑर्डर/पानी/बिजली/टेलिफोन/ गैस कनेक्शन का बिल, जिसमें आपके घर का पता हो। यह बिल निवेदक (applicant) के नाम से या फिर उनके माता-पिता के नाम से होना चाहिए। |

20-'कई लोगों को वोटर आई-कार्ड बनवाने का काम झंझट भरा लगता है।'

इस बात के लिए कौन-सा कारण गलत हो सकता है?
A. वोटर आई-कार्ड बनवाने की फ़ीस बहुत अधिक है।
B. वोटर आई-कार्ड बनवाने में कई दिन लग जाते हैं।
C. वोटर आई-कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता है।
D. वोटर आई-कार्ड बनवाने के लिए कई तरह के दस्तावेज़ देने होते हैं।

21-इनमें से किस काम के लिए रघु वोटर आई-कार्ड का इस्तेमाल कर सकता है?
A. बैंक खाते में पैसे जमा करवाने के लिए
B. बैंक खाते से पैसे निकालने के लिए
C. बैंक में चेक जमा करवाने के लिए
D. बैंक में खाता खुलवाने के लिए

22-वनिता ने पिछले वर्ष अपना वोटर आई-कार्ड बनवाया था। लेकिन उसने देखा कि उसके पिता का नाम उसमें गलत छपा है।
इसे ठीक करवाने के लिए उसे कौन-सा फ़ॉर्म भरना होगा?
A. फ़ॉर्म- 6 B. फ़ॉर्म- 7 C. फ़ॉर्म- 8 D. इनमें से कोई भी

23-राधिका की उम्र 23 वर्ष है और वह अपना वोटर आई-कार्ड बनवाना चाहती है। उसे इनमें से कौन-सी चीज़ जमा करने की ज़रूरत नहीं है?

(i) उम्र का प्रमाण
(ii) बैंक की वर्तमान पासबुक
(iii) हाल में खींची गई दो रंगीन फ़ोटो
A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. केवल (i) और (iii)
D. केवल (ii) और (iii)

24-'भारत की जनसंख्या कुकरमुत्ते की तरह बढ़ती ही जा रही है।'

इस कथन के आधार पर बताइए कि नीचे दिए किस विकल्प में 'कुकरमुत्ते की तरह बढ़ना' मुहावरा, सही अर्थ में प्रयोग हुआ है?
A. पेड़ों पर पत्ते कुकरमुत्ते की तरह बढ़ रहे हैं।
B. आजकल महंगाई कुकरमुत्ते की तरह बढ़ रही है।
C. शहरों में भिखारी कुकरमुत्ते की तरह बढ़ रहे हैं।
D. नितिन की लंबाई कुकरमुत्ते की तरह बढ़ रही है।

25-जादूगर के अनोखे करतब देखकरÂ नीरज की तो आँख -------------------।
वाक्य के अर्थ के अनुसार उचित शब्दों से मुहावरा पूरा करें।
A. फ़ैल गई
B. मूँद गई
C. चढ़ गई
D. लग गई



26-शाम होते ही सेना कूच करने लगी।
रेखांकित मुहावरे वाले वाक्य का अर्थ क्या हो सकता है?
A. युद्ध खत्म करने लगी।
B. युद्ध आरम्भ करने लगी।
C. आपस में युद्ध की चर्चा करने लगी।
D. एक स्थान से दूसरे स्थान जाने लगी।

27-

**इनमें कौन-सा विलोम शब्दों का जोड़ा नहीं है?**

**A.** भविष्य - भूत
**B.** विचार - साकार
**C.** जटिल - सरल
**D.** विरोध - समर्थन

28-नीचे दिए नामों का उचित शब्दकोश-क्रम चुनें-
अक्षत, अखिल, अनिकेत, अमितेश, अंकुर
A. अंकुर, अक्षत, अखिल, अनिकेत, अमितेश
B. अखिल, अनिकेत, अमितेश, अक्षत, अंकुर
C. अंकुर, अखिल, अनिकेत, अमितेश, अक्षत
D. अक्षत, अंकुर, अखिल, अमितेश, अनिकेत




29-जैसे ही नौकर की चोरी पकड़ी गई, -------------------------------------------
उचित मुहावरे वाला वाक्य चुनकर वाक्य पूरा करें।

A. उसके तो चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं। B. वह तो हवा के घोड़े पर सवार हो गया।
C. उसके तो हवाई किले बनने लगे। D. वह तो सीधा हवा में उड़ने लगा।

30-

**'अव्यवस्थित रुप से मिल जाना' अर्थ होता है गड्ड-मड्ड शब्द का, इनमें से किस वाक्य में 'गड्ड-मड्ड' शब्द का उचित प्रयोग हुआ है ?**

A. तुम्हें पता भी है किसके बारे में बोल रहे हो ? गड्ड-मड्ड बातें मत करो।
B. जन्मदिन की पार्टियों में, मेरी प्लेट का खाना गड्ड-मड्ड होता रहता है।
C. रंजीता तो हमेशा गड्ड-मड्ड कपड़े पहनकर बाहर घूमने निकल जाती है।
D. राघव शांत है, तो रोहन बातूनी... दोनों के स्वभाव बिल्कुल गड्ड-मड्ड हैं।

31-हरप्रीत का जन्म सन् 1989 में हुआ था।
तो इनमें से कौन-सा वर्ष हरप्रीत के जन्म का वर्ष है?
A. सन् उन्नीस सौ अट्ठासी B. सन् उन्नीस सौ नवासी
C. सन् उन्नीस सौ अठानवे D. सन् उन्नीस सौ निन्यानवे

32-कक्षा-8 के इन छात्रों के नाम का उचित वर्णमाला-क्रम चुनें-
सोहम, करुण, शार्दुल, हर्षित, कमलजीत
A. करुण, कमलजीत, सोहम, हर्षित, शार्दुल B. करुण, कमलजीत, हर्षित, शार्दुल, सोहम
C. कमलजीत, करुण, सोहम, शार्दुल, हर्षित D. कमलजीत, करुण, शार्दुल, सोहम, हर्षित

राजू और रोबोट

राजू के पापा एक रोबोट लेकर आए। वह रोबोट झूठ पकड़ सकता था और झूठ बोलने वाले 33) --------------------------। एक दिन राजू और उसका दोस्त स्कूल से घर देर से पहुँचे ... पापा ने पूछा "घर लौटने में इतनी देर कैसे हो गई?"

राजू *(34)* ----------------,"आज हमारी एक्स्ट्रा क्लास थी।"

रोबोट अचानक (35) ----------- जगह से उठा और राजू को थप्पड़ रसीद कर दिया। राजू हैरान रह गया। उसकी हैरानी को देखते हुए पापा ने उसे बताया कि शायद उसे नहीं मालूम कि यह रोबोट हर झूठ को पकड़ सकता है और झूठ बोलने वाले को चाँटा भी मारता है।

"अब सच क्या है? यह बताओ... कहाँ गए थे?" पापा ने बनावटी गुस्से से पूछा।

"जी, हम एक बिल्ली और उसके बच्चे की जान बचाने की कोशिश कर रहे थे।" राजू के दोस्त ने गुस्सा शांत करने के अंदाज़ में कहा।

'चटाक...' रोबोट ने एक चाँटा मारा... इस बार गाल दोस्त का था।

*(36) पापा ग़ुस्से में राजू से बोले, "शर्म आनी चाहिए तुम्हें, अपने माता-पिता से झूठ बोलते हो।"*

दोनों ने कहा,"बात दरअसल में यह थी कि हम डर रहे थे कि यदि हम आपको सच बता देंगे कि हम फुटबॉल खेलने गए थे, तो आप हमें बुरी तरह डाँटेंगे।"

यह सुनकर पापा हँसने लगे और कहा,"*(37-i)* --- मैं तुम्हारे जितना था, *(37-ii)* --- मैं भी डाँट के डर से ऐसी हरकत किया करता था, पर अब तुम बेफ़िक्र रहो सच बताने पर मैं तुम पर बिल्कुल भी गुस्सा नहीं करूँगा।"

"ओह! यह बात पहले पता होती तो हमें डाँट से बचने के चक्कर में रोबोट से चाँटा तो नहीं खाना पड़ता।" राजू ने मुँह बिगाड़ते हुए कहा। उसकी शक्ल देखकर सभी हँस पड़े।

33-शुद्ध वाक्य चुनकर रिक्त स्थान (33) की पूर्ति करें।
A. को गाल पर खींच के चाँटा मार देता था। B. के गाल पर खींच के चाँटा मार देता था।
C. को गाल पर खींच कर चाँटा मार देता था। D. के गाल पर खींच कर चाँटा मार देता था।

34-वार्तालाप को ध्यान में रखते हुए रिक्त स्थान (34) की पूर्ति सबसे उचित शब्दों से करें।
A. राजू बोला कि B. राजू ने कहा कि C. राजू सोच में पड़ा D. राजू ने ज़वाब दिया

35-रिक्त स्थान (35) की पूर्ति उचित शब्द से करें।
A. उसकी B. अपनी C. उनकी D. आपकी

36-रेखांकित वाक्य (36) को उद्धरण (" ") चिह्न हटाकर, बिना अर्थ बदले किस प्रकार लिखा जा सकता है? सबसे उचित वाक्य चुनें।

A. पापा गुस्से से बोले कि राजू को शर्म आनी चाहिए उसके माता-पिता से झूठ बोलते हुए।
B. पापा गुस्से से बोले कि राजू, तुम्हें शर्म आनी चाहिए अपने माता-पिता से झूठ बोलते हुए।
C. पापा गुस्से से कहने लगे कि राजू, अपने माता-पिता से झूठ बोलते हुए, उसे शर्म आनी चाहिए।
D. पापा ने गुस्से से राजू से कहा कि उसे अपने माता-पिता से झूठ बोलते हुए शर्म आनी चाहिए।

37-रिक्त स्थानों (37- i, ii) की पूर्ति के लिए उचित शब्दों का जोड़ा चुनकर सार्थक वाक्य बनाएँ।
A. जब-तब B. जभी-तभी C. किन्तु–परन्तु D. जब भी-फिर भी

38- राजन ने बताया कि उसका दोस्त मितभाषी है।राजन कहना चाहता है कि ................

A. उसका दोस्त बहुत कम बोलने वाला है।
B. उसका दोस्त कुछ नहीं बोल सकता है।
C. उसका दोस्त अधिक बोलने वाला है।
D. उसका दोस्त मीठा बोलने वाला है।

39. शहर में बना नया मॉल,मंत्री जी द्वारा ................... किया गया।
खाली जगह के लिए सही वर्तनी वाला शब्द चुने।

A. उद्घटित B. उदघटित C. उद्घाटित D. उदघाटित

40. जब वर्षा होती है तो कई सरोवरों में कमल खिल जाते हैं। रेखांकित शब्द के स्थान पर अन्य किस शब्द को रखा जा सकता है?

A. अम्बुद
B. जलज
C. अनल
D. जलद

मंत्र एवं म्यूज़िक के द्वारा रोगोपचार पर विश्व के कई अलग-अलग देशों में रिसर्च किए गए हैं। ग्लोब इंस्टीट्यूट ऑफ साउंड एंड कॉन्शसनेस, सैन फ्रांसिस्को के डायरेक्टर एवं साउण्ड इंजीनियर गिब्सन लगभग 15 से अधिक वर्षों से मंच, ध्वनि एवं म्यूज़िक की तरंगों का ब्रेन मैपिंग कर मस्तिष्क पर पड़ने वाले इसके प्रभाव का अध्ययन किया। अलग-अलग आवृत्ति (हट्ज़ॅ) की ध्वनियों से ब्रेन वेव ऑस्किलेशन बैंड की तरंगों की गणना की। साउण्ड हीलिंग के दरमियान जब इन्होंने अलग-अलग हट्ज़ॅ की आवृत्तियों से निकले गामा, बीटा, अल्फा-बीटा एवं डेल्टा वेस-तरंगों का अनिद्रा, ब्लड प्रेशर, भूख की कमी. डिप्रेशन, पार्किंसन रोग से पीड़ित मरीज़ों पर प्रयोग किया। इस शोध के दरमियान इन मरीजों में मस्तिष्क तरंगों और बीमारियों में काफी सकारात्मक परिणाम पाया। आशातीत सफलता मिलने से उत्साहित डॉक्टर गिब्सन ने इसी साउण्ड हीलिंग पर सैन फ्रांसिस्को यूनिवर्सिटी के शोधार्थी लीज़ा मैरी पॉटर एवं हीदर टेलर के साथ मंत्र, म्यूज़िक व शंख ध्वनि से निकले साउण्ड वेव्स-तरंगों के मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभावों का पुनः अध्ययन किया। जिसके सकारात्मक और उत्साह बढ़ाने वाले परिणाम मिले। ब्लड प्रेशर सामान्य और अनिद्रा की समस्या से फौरी राहत मिली।

इस लेख को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

41. उक्त आलेख का संदर्भ है –

A. विज्ञान, मंत्र और म्यूजिक की रिश्तेदारी B. विज्ञान, मंत्र और म्यूजिक से समय की बर्बादी
C. विज्ञान, मंत्र और म्यूजिक से अध्ययन D. विज्ञान, मंत्र और म्यूजिक की जुगलबंदी -

42. ग्लोब इंस्टिट्यूट ऑफ साउंड एण्ड कॉन्शियसनेस के डायरेक्टर एवं साउंड इंजीनियर थे।

A. डॉ. रेड्डी B. डॉ. मेरी पॉटर C. डॉ. हीदर टेलर D. डॉ. गिब्सन

43. डॉ. गिब्सन ने शोध कार्य किया -

A. 10 वर्ष B. 12 वर्ष C. 14 वर्ष D. 15 वर्ष

44. मंत्र, म्यूजिक एवं शंख ध्वनि से निकले साउंड वेव्स तरंगों का मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा -

A. नकारात्मक B. सकारात्मक C. साधारण D. मध्यम

45. लीजा मेरी पॉटर एवं हीदर शोधार्थी थे –

A. बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी के B. सेन फ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के

C. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के D. मैक्सिको यूनिवर्सिटी के

एक आदमी गुब्बारे बेचकर जीवनयापन करता था। वह गाँव के आस-पास भरने वाली हाटों में जब गुब्बारे बेचता, बच्चों को लुभाने के लिए वह तरह-तरह के गुब्बारे रखता.. लाल, पीले, हरे, नीले... और जब कभी उसे लगता कि बिक्री कम हो रही है, तो वह झट से एक गुब्बारा हवा में छोड़ देता, जिसे उड़ता देखकर बच्चे खुश हो जाते और गुब्बारे खरीदने के लिए पहुँच जाते। इसी तरह वह एक दिन वह हाट में गुब्बारे बेच रहा था और बिक्री बढ़ाने के लिए बीच-बीच में गुब्बारे उड़ा रहा था। पास ही खड़ा एक छोटा बच्चा यह सब बड़ी जिज्ञासा के साथ देख रहा था। इस बार जैसे ही गुब्बारे वाले ने एक सफेद गुब्बारा उड़ाया वह तुरंत उसके पास पहुँचा और मासूमियत से बोला, "अगर आप यह काला वाला गुब्बारा छोड़ोगे... तो क्या वह भी ऊपर जाएगा ?"

गुब्बारे वाले ने थोड़े अचरज के साथ उसे देखा और बोला, "हाँ, बिल्कुल जाएगा बेटे! गुब्बारे का ऊपर जाना इस बात पर निर्भर नहीं करता है। कि वो किस रंग का है, बल्कि इस पर निर्भर करता है कि उसके अंदर क्या है।"

दोस्तों, ठीक इसी तरह हम इंसानों के लिए भी यह बात लागू होती है। कोई अपने जीवन में क्या अचीव करेगा, ये उसके बाहरी रूप-रंग पर निर्भर नहीं करता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसके अंदर क्या है। अतः हमारा रवैया हमारा एटीट्यूड डिसाइड करता है।

46. गुब्बारे वाला अपना जीवनयापन करता था -

A. गुब्बारे देखकर B. गुब्बारे छोड़कर C. गुब्बारे बेचकर D. गुब्बारे पकडकर

47. गुब्बारे वाले के पास गुब्बारा नहीं था -

A. लाल रंग का B. गुलाबी रंग का C. हरा रंग का D. काला रंग का

48. जब कभी गुब्बारे वाले को लगता कि बिकी कम हो रही है, वह -

A. जोर जोर से आवाज लगाने लगता था। B. एक गुब्बारा हवा में छोड़ देता था।

C. बच्चों में गुब्बारे बाँट देता था D. चुपचाप घर वापस लौट जाता था।

49. गुब्बारे का ऊपर जाना इस बात पर निर्भर करता है कि ................

A. उसके अन्दर क्या है। B. इसके ऊपर कौन सा धागा बाँधा है

C. वह किस रंग का है D. वह कितना बड़ा है

50. कोई अपनी लाइफ में क्या Achieve करेगा, इसका निर्धारण करता है –

A. हमारा Attitude B. हमारा Aptitude

C. हमारी Smartness D. हमारा I.Q.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की

प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु- देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु- देशों की अधिकांश जनता और संपत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतंत्र देशों के संग्रहालयों में कुछ न कुछ आ गए हैं, अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाएगा। अतः दुनिया का सर्वनाश या अधिकांश नाश तो अवश्य हो जाएगा। इसीलिए निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण में जो दिशा अपनाई गई. उसी के अनुसार आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों के प्रयोग को रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व विनाश का भय कार्य कर रहा है।

51. इस गद्यांश का मूल कथ्य है -

A. आतंक और सर्वनाश का भय B. विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड

C. द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका D. निःशस्त्रीकरण और विश्व शांति

52. एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव हुआ -

A. जापान में हुई भयंकर विनाश लीला से B. जापान की अजेय शक्ति की पराजय से

C. अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से D. अमेरिका की विजय से

53. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों के बनाने की प्रेरणा दी -

A. अमेरिका ने B. अमेरिका की विजय ने

C. जापान के विनाश ने D.बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने

54. विश्व को सर्वनाश से बचाने के लिए योजना सर्वाधिक प्रभावी हो सकती है –

A. एटम बम का नियोजन

B. निःशक्त्रीकरण की योजना

C. प्रत्येक देश को आधुनिक शास्त्रों से सुसज्जित करने की योजना

D. रूस अमेरिका की मित्रता की योजना

55. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र बना रहे हैं -

A. अपनी-अपनी सेनाओं में कमीं करने के उद्देश्य से

B. अपने संसाधनो का प्रयोग करने के उद्देश्य से

C. अपना अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से

D. पारस्परिक भय के कारण

56. आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्यों कि -

A. दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।

B. अधिकांश जनता और उसकी संपत्ति नष्ट हो जाती है।

C. दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।

D. दोनों देशों की सेनायें इन युद्धों में मारी जाती है।

57. इस गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है

A. निःशस्त्रीकरण B. आधुनिक शस्त्रास्त्रों का विनाशकारी प्रभाव

C. एटम बम की शक्ति D. आतंक और विश्व विनाश का भय

नीचे दिए गये गद्यांश को पढकर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए –

"आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है। जीवन का प्रत्येक क्षण वह कर्म में लगाता है। विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है। शेष समय जन सेवा में व्यतीत होता है। हाथ पर हाथ घर कर बैठने को यह मृत्यु के समान समझता है। काम करने की उसमें लगन होती है। उत्साह होता है। विपत्तियों में भी वह उपने चरित्र का सच्चा परिचय देता है। धैर्य की कुदाली से वह बड़े-बड़े संकट पर्वतों को ढहा देता है। उसकी कार्यकुशलता देखकर लोग दांतों तले ऊँगली दबाते है। संतोष उसका धन है। यह परिस्थितियों का दास नहीं है। परिस्थतियाँ उसकी दासी है।"

58. आदर्श व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षण को लगाता है :

A. धर्म में B. कर्म में C. अर्थ में D. मोक्ष में

59. आदर्श व्यक्ति हाथ पर हाथ धर कर बैठने को समझता है –

A. मृत्यु के समान B. जीवन के समान C. कर्म के समान D. खेल के समान

60. कर्मशील व्यक्ति बड़े-बड़े संकट पर्वतों को ढहा देता है-

A. कर्म की कुदाली से B. अर्थ की कुदाली से

C. धैर्य की कुदाली से D. धातु की कुदाली से

61. आदर्श व्यक्ति अपने जीवन की सफलता समझता है -

A. धनोपार्जन में B. धर्मशीलता में C. कर्मशीलता में D. साहस पूर्णता में

62. वह परिस्थितियों का दास नहीं है पंक्ति में वह से आशय है -

A. धर्मशील व्यक्ति B. अकर्मण्य व्यक्ति C. कर्मशील व्यक्ति D. अर्थशील व्यक्ति

63. गद्यांश का सटीक शीर्षक है -

A. आदर्श संतोषी व्यक्ति B. आदर्श धनी व्यक्ति C. आदर्श कर्मशील व्यक्ति D. आदर्श धर्मशील व्यक्ति

64. मोहित बहुत <u>धन</u> कमाकर लाया। रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द है-

A. लाल B. अर्थ C. नियम D. इज्जत

65.अकर्मक क्रिया के प्रयोग वाला वाक्य है –

A. राधा रोती है B. राम फल खाता है C. सीता गीत गाती है। D. मोहन पानी पीता है।

66. वह वाक्य जिसमें पत्र शब्द चिट्ठी के अर्थ में आया है-

A मैने माँ को पत्र लिखा B. ताम्रपत्र पर नक्काशी बहुत सुन्दर है

C. उसके आँगन में हरिन पत्रों की भरमार है D. सभी को समाचार पत्र नियमित रूप से पढना चाहिए।

67. चीनी सेना ने युद्ध में हथियार डाल दिये।

इस वाक्य में रेखांकित मुहावरे के लिये सही अर्थ है-

A. हथियार रख दिये B. शस्त्र वापस कर दिये।

C. अहिंसावादी हो गए। D. हार मान ली।

68. मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।

उपर्युक्त वाक्य का प्रकार है –

A. सरल वाक्य B. मिश्र वाक्य C. संयुक्त वाक्य D. इनमें से कोई नहीं

69. 'कलानिधि का समानार्थी शब्द है –

A. नीर B. हिमांशु C. अम्बु D. आगार

70. मैं बाजार से नीली पतंग लाया हूँ।

उपर्युक्त वाक्य में विशेषण है -

A. नीली B. मैं C. बाजार D. पतंग

NAS 3rd Practice Test Answer Key

Sub. – HINDI

| Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 16 | D | 31 | B | 46 | C | 61 | C |
| 2 | D | 17 | B | 32 | D | 47 | B | 62 | C |
| 3 | B | 18 | A | 33 | D | 48 | B | 63 | C |
| 4 | B | 19 | C | 34 | D | 49 | A | 64 | B |
| 5 | D | 20 | A | 35 | B | 50 | A | 65 | A |
| 6 | B | 21 | D | 36 | D | 51 | A | 66 | A |
| 7 | C | 22 | C | 37 | A | 52 | B | 67 | D |
| 8 | D | 23 | A | 38 | A | 53 | C | 68 | C |
| 9 | B | 24 | C | 39 | D | 54 | B | 69 | B |
| 10 | B | 25 | A | 40 | D | 55 | D | 70 | A |
| 11 | D | 26 | D | 41 | D | 56 | B | | |
| 12 | D | 27 | B | 42 | D | 57 | D | | |
| 13 | A | 28 | A | 43 | D | 58 | B | | |
| 14 | D | 29 | A | 44 | B | 59 | A | | |
| 15 | C | 30 | B | 45 | B | 60 | C | | |